प्रेस नोट

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा दिनांक 13.12.2024 को बापू परीक्षा परिसर, पटना में एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रा॰) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया था, जहाँ कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा अवधि में हंगामा किया गया एवम् परीक्षा को बाधित करने की कोशिश की गयी। उक्त घटनाक्रम के संबंध में आयोग द्वारा जिलाधिकारी, पटना से रिपोर्ट की माँग की गयी थी। उक्त के संदर्भ में जिलाधिकारी, पटना द्वारा दिनांक 15.12.2024 को आयोग को रिपोर्ट समर्पित किया गया है, जिस पर निर्णय लेने हेतु दिनांक 16.12.2024 (सोमवार) को आयोग कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जायेगी।

15.12.2024

सचिव

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना